

# लौरा ने छीनी स्मृति की बादशाहत

## मंधाना दूसरे स्थान पर खिसकीं, रोड्रिग्स टॉप-10 में शामिल

**नई दिल्ली 4 नवम्बर.** आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में ऐतिहासिक शतक लगाकर भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ते हुए नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है।

वोल्वार्ड्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 और फाइनल में भारत के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली। इस असाधारण प्रदर्शन के दम पर उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 571 रन बनाए, जो विश्व कप के किसी एक संस्करण का अब तक का रिकॉर्ड बल्लेबाजी प्रदर्शन है। उन्हें करियर के सर्वोच्च 814 रेटिंग अंक मिले हैं, जो मंधाना के 811 अंकों से तीन अधिक हैं। मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर एक बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन अब वह एक पायदान फिसलकर दूसरे स्थान पर आ गई हैं।

### भारतीय बल्लेबाजों की रेटिंग

भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (811 रेटिंग) भले ही दूसरे स्थान पर खिसक गई हों, लेकिन वह विश्व कप में दूसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 127 रनों की नाबाद मैच जिताऊ पारी खेलकर नौ स्थानों की लंबी छलांग लगाई और 10वें स्थान पर अपनी जगह पक्की की। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुँच गई हैं।ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड ने सेमीफाइनल में 119 रन बनाने के बाद 13 स्थानों की छलांग लगाई और 13वें स्थान पर पहुँच गई। वहीं, एलिस पेरी ने भी सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 77 रन की पारी खेलकर 7वें स्थान पर जगह बनाई। वह न्यूजीलैंड की संन्यास ले चुकी सोफी डिवाइन के साथ यह स्थान साझा कर रही हैं।

### गेंदबाजी और ऑलराउंडर रैंकिंग

गेंदबाजी रैंकिंग में भी महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। दक्षिण अफ्रीका की मरिजाने कैप दो स्थान ऊपर चढ़कर 712 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर पहुँच गई हैं। अब वह केवल इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन से ही पीछे हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में भारत की दीप्ति शर्मा ने अपनी ऑलराउंड क्षमता को साबित किया। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुँच गई हैं और उन्होंने इस प्रक्रिया में सदरलैंड को पीछे छोड़ा है।

# घुटने की सर्जरी से टूटा अश्विन का बीबीएल सपना

## थंडर के साथ पूरे सीजन का किया था करार



**नयी दिल्ली, 4 नवंबर (वार्ता)** घुटने की सर्जरी की वजह से आर अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह मौका गंवाने से वह बहुत निराश हैं, क्योंकि इससे वह बीबीएल में खेलने वाले भारत के पहले कैप्ड खिलाड़ी बन जाते। वहीं थंडर ने कहा कि वे अश्विन के साथ मिलकर एक नई योजना पर काम कर रहे हैं।

इस साल की शुरुआत में आईपीएल से संन्यास लेने के बाद अश्विन के लिए विदेशी लीग में खेलने का रास्ता खुला था। उन्होंने थंडर के साथ पूरे बीबीएल सीजन के लिए करार किया था। अश्विन ने थंडर के बयान में कहा, मुझे बीबीएल 15 मिस करने का बहुत अफसोस है। अब मेरा पूरा ध्यान रिकवरी पर है। मैं थंडर परिवार और फ़ैंस का शुक्रगुज़ार हूं, जिन्होंने पहले ही बहुत अपनापन दिखाया है। ट्रेंट (कोपलैंड, थंडर जनरल मैनेजर) और पूरी मैनेजमेंट टीम ने पहले ही बातचीत से मुझे क्लब का हिस्सा महसूस कराया। अगर रिहैब और यात्रा की योजना अनुमति दें, तो मैं सीजन के बाद के हिस्से में टीम के साथ रहना और फ़ैंस से मिलना चाहूंगा। थंडर टीमों को शानदार साल की शुभकामनाएं।

> ट्रेंट कोपलैंड ने कहा, सिडनी थंडर के सभी लोग अश्विन की घुटने की चोट की खबर से बहुत दुखी हुए, जिसने उन्हें बीबीएल 15 से बाहर कर दिया। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

# नकवी के आईसीसी बैठक में शामिल होने की संभावना नहीं



**कराची, 4 नवंबर.पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी की घरेलू राजनीतिक मुद्दों के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की दुबई में होने वाली बैठक में भाग लेने की संभावना नहीं है, जहां बीसीसीआई एशिया कप ट्रॉफी भारत को नहीं दिए जाने का मुद्दा उठा सकता है।**

एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष नकवी को ट्रॉफी नहीं सौंपने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की नाराजगी का सामना करना पड़ा, क्योंकि विजेता टीम के खिलाड़ियों ने उनके भारत विरोधी बयानों के कारण ट्रॉफी स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। आईसीसी की चार दिवसीय बैठक मंगलवार को शुरू हुई।

पीसीबी सूत्र ने यह नहीं बताया कि उनकी उपस्थिति में कौन से राजनीतिक मुद्दे आड़े आएंगे। नकवी अपने देश में गृह मंत्री भी हैं और पिछले साल जय शाह के विश्व संस्था का अध्यक्ष चुने जाने के बाद से उन्होंने आईसीसी की बैठकों में भाग नहीं लिया है।



# अंतिम चार में रिबाकिना

## स्वियाटेक के खिलाफ पहली बार मिली बड़ी जीत

**रियाद, 4 नवंबर.** कज़ाकिस्तान की छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने रियाद में महिला टेनिस एसोसिएशन फाइनल्स के ग्रुप चरण में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक को हराकर शानदार वापसी की। इस तरह उन्होंने लगातार दूसरी जीत हासिल की और एक मैच बाकी रहते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

- पहला सेट गंवाने के बाद रिबाकिना की जबर्दस्त वापसी
- स्वियाटेक को 6-3, 1-6, 0-6 से दी मात
- कज़ाकिस्तान की रिबाकिना ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की

स्वियाटेक ने इस सीजन में अपनी प्रतिद्वंद्विता पर दबदबा बनाए रखा था और पिछले चारों मुकाबलों में जीत हासिल की थी। रिबाकिना की सर्विस जल्दी तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीतने के बाद ऐसा लग रहा था कि वह इस सिलसिले को आगे भी जारी रखेंगी। हालांकि, दूसरे सेट में गति बदल गई क्योंकि रिबाकिना ने अपना स्तर बढ़ाया, अपनी सर्विस और बेसलाइन आक्रामकता दोनों में सुधार किया, जबकि स्वियाटेक का फॉर्म गिर गया, जिससे अनफोर्स्ड एरर बढ़ गए। कज़ाकिस्तान की खिलाड़ी ने दो बार सर्विस तोड़कर सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक सेट में, रिबाकिना ने पूरी तरह से नियंत्रण बना लिया और लगातार छह गेम जीतकर अंतिम सेट 6-0 से जीत लिया और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ अपनी हार का सिलसिला तोड़ दिया।

> दिन के दूसरे मैच में, चौथी वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने भी पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हमवतन मैडिसन कीज को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया।

## एक नजर में



### विदित गुजराती को 'शतरंज के मेस्सी' 12 साल के ओरो फास्टिनो ने बराबरी पर रोका

**पणजी.** भारत के ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती को मंगलवार को यहां फिडे विश्व कप के दूसरे दौर की बाजी में अर्जेन्टीना के 12 साल के ओरो फास्टिनो ने ड्रॉ पर रोका।असाधारण प्रतिभा और खेल में तेजी से प्रगति करने के लिए स्वदेश में 'शतरंज के मेस्सी' के नाम से मशहूर फास्टिनो ने पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले क्रोएशिया के एंटे बर्किच को हराया था और दूसरे दौर में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने गुजराती के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन किया।दोनों खिलाड़ी 28 चाल के बाद मुकाबले को ड्रॉ कराने के लिए राजी हो गए।क्लासिकल टाइम प्रारूप के दूसरी बाजी में गुजराती बुधवार को काले मोहरों से खेलेंगे।लेवोन अरोनियन ने सफेद मोहरों से खेलते हुए भारत के युवा ग्रैंडमास्टर अरोनयक घोष को हराया।



### सुनील जोशी बने भारत 'ए' के मुख्य कोच जितेश शर्मा करेंगे कप्तानी

**नयी दिल्ली.** भारत के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी को दोहा में 14 नवंबर से शुरू हो रहे राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत 'ए' टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। आईपीएल स्टार जितेश शर्मा टीम की कप्तानी करेंगे।जोशी, जो बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के मुख्य कोच हैं, इस टूर्नामेंट के लिए कोचिंग स्टाफ का नेतृत्व करेंगे। कोचिंग स्टाफ में अपूर्ण देसाई (बल्लेबाजी) और पल्लव वोहरा (क्षेत्ररक्षक) भी शामिल हैं।टीम में वैभव सूर्यवंशी, प्रियांश आर्य, नमन धीर, निहाल वढेरा और रमनदीप सिंह जैसे कई युवा आईपीएल स्टार खिलाड़ी शामिल हैं।

### भारतीय अंडर-23 टीम 15 नवंबर को थाईलैंड से खेलेगी मैत्री मैच

**नयी दिल्ली.** भारतीय अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के तहत 15 नवंबर को थाईलैंड अंडर-23 टीम के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। यह मुकाबला पाथुम थानी के थमासत स्टेडियम में आयोजित होगा।टीम इस मैच की तैयारी के लिए 7 नवंबर से कोलकाता में एक शिविर लगाएगी। मुख्य कोच नौशाद मूसा ने इसके लिए 25 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है।टीम का प्रदर्शन हाल के अंतरराष्ट्रीय दौरों में सकारात्मक रहा है, जिसमें इंडोनेशिया के खिलाफ खेले गए दो मैचों में से एक जीत (2-1) और एक ड्रॉ (1-1) शामिल है। यह मैत्री मैच टीम को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## शतरंज विश्व कप

# टाई-ब्रेकर से दूसरे दौर में तीन भारतीय

**अर्पोरा (गोवा) 4 नवम्बर.** फिड़े विश्व कप 2025 में रोमांचक मुकाबलों के पहले दौर के बाद, कुल नौ भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित %विश्वनाथन आनंद कप% के लिए इस एकल-एलिमिनेशन नॉकआउट टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। छह भारतीय खिलाड़ियों - सूर्य शेखर गांगुली, प्रणव वी, रौनक साधवानी, प्रणेश एम, कार्तिक वेंकटरमण, और इनियन पी ए - ने दो क्लासिकल गेम्स में 1.5 या उससे अधिक अंक हासिल कर सीधे प्रवेश किया था। अब तीन अन्य खिलाड़ी टाई-ब्रेकर के ज़रिए उनका साथ देंगे।

मंगलवार से शुरू हो रहे दूसरे दौर में सभी शीर्ष 50 रेटेड खिलाड़ी अपना अभियान शुरू करेंगे। इनमें भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानंद, अर्जुन एरिगैसी, निहाल सरीन और अरविंद चिदंबरम शामिल हैं।दूसरे दौर में ही एक ऑल-इंडिया मुकाबला देखने को मिलेगा, जहाँ कार्तिक वेंकटरमण का सामना अरविंद चिदंबरम से होगा। इस मैच का विजेता भारत के लिए तीसरे दौर में एक स्थान सुनिश्चित करेगा।

### तीन ग्रैंड मास्टर्स की शानदार जीत

**एस.एल. नारायणन-** उन्होंने पेरू के आईएम स्टीवन रोजास को रैपिड गेम्स में 2-0 से हराया। नारायणन ने पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए 52 चालों में जीत हासिल की और फिर सफ़ेद मोहरों से केवल 22 चालों में जीत दर्ज कर अपनी जगह पक्की की। दूसरे दौर में उनका मुकाबला इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर निकिता विटियुगोव से होगा।

**दीप्तायन घोष-** उन्होंने चीन के ग्रैंडमास्टर पेंग शियोंगजियान को 2-0 से मात दी। पहले गेम में 70 चालों के बाद उन्हें जीत मिली, जबकि अगले गेम में 46 चालों में सफलता हासिल की।

**अरोण्यक घोष-** उन्होंने पोलैंड के उच्च रेटेड ग्रैंडमास्टर माटियस बार्टेल के खिलाफ दूसरे सेट के टाई-ब्रेकर में 2-0 से शानदार जीत हासिल की। अरोण्यक ने पहले गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी की रानी और राजा को कॉर्नर पर पिन कर केवल 19 चालों में हार मानने पर मजबूर कर दिया। अब उनका सामना अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन से होगा।

## हरियाणा की गुजरात पर रोमांचक जीत

**अहमदाबाद/नई दिल्ली, 4 नवंबर।** रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन हरियाणा ने गुजरात को 4 विकेट से हराकर छह अंक हासिल किए। गुजरात के 62 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा की पारी 6 विकेट पर 43 रन बनाकर लड़खड़ा गई थी। निचले क्रम में यशवर्धन दलाल (नाबाद 14) और पार्थ वत्स (नाबाद 13) ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। गुजरात के लिए विशाल जायसवाल (3/23) और सिद्धार्थ देसाई (2/25) ने कड़ा संघर्ष किया।दिल्ली में उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया। उत्तराखंड की ओर से मयंक मिश्रा ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए।

# मीरा बाई की 49 किलो श्रेणी खत्म, अब 53 में चुनौती

## आईडब्ल्यूएफ ने ओलंपिक वेट कैटेगरी बदली



**नई दिल्ली 4 नवम्बर.** भारतीय वेटलिफ्टर मीराबाई चानू के लिए लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 नई चुनौती लेकर आएगा। इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग फेडरेशन (IWF) ने आगामी ओलंपिक के लिए नई भार वर्ग श्रेणियों की घोषणा की है, जिसमें महिलाओं का 49 किलोग्राम वर्ग — यानी वही श्रेणी जिसमें मीराबाई ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में रजत पदक जीता था — को हटा दिया गया है।

- लॉस एंजिलिस 2028 में नया सफर शुरू करेंगी मीराबाई
- IWF ने 49 किलो वर्ग को ओलंपिक सूची से हटाया
- अब मीराबाई को 53 किलो वर्ग में आज़माना होगा दम
- लॉस एंजिलिस ओलंपिक में कुल 12 वेटलिफ्टिंग इवेंट होंगे

नई सूची के अनुसार, महिलाओं की श्रेणियां 53, 61, 69, 77, 86 और +86 किलोग्राम होंगी। वहीं पुरुषों की श्रेणियां 65, 75, 85, 95, 110 और +110 किलोग्राम तय की गई हैं।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक में वेटलिफ्टिंग के कुल इवेंट 10 से बढ़ाकर 12 कर दिए गए हैं, लेकिन बदलाव के कारण मीराबाई को अब 53 किलो वर्ग में उतरना होगा। अगर वह हिस्सा लेती हैं तो यह उनका चौथा ओलंपिक होगा।

मीराबाई ने रियो 2016 में अपने ओलंपिक करियर की शुरुआत की थी। टोक्यो 2020 में उन्होंने ऐतिहासिक रजत पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक 2024 में वह चौथे स्थान पर रहीं।

**भारतीय कप्तान बोलीं** ▶ नीली जर्सी पहनना था बचपन का सपना, पिता ने बचपन में उनके लिए बल्ला काटकर छोटा किया था

# सपना देखना कभी न छोड़ें : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली 4 नवम्बर. भारतीय महिला क्रिकेट टीम को पहली बार विश्व चैंपियन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर ने देश के युवाओं को संदेश दिया है-सपने देखना कभी बंद न करें, आपको नहीं पता किस्मत कहाँ ले जाएगी।**

हरमनप्रीत ने बीसीसीआई के एक वीडियो में अपने बचपन के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि किस तरह उनके पिता ने उनके लिए अपना बल्ला काटकर छोटा कर दिया था।

उस दौर में महिला क्रिकेट की जानकारी न होने के बावजूद, उन्होंने नीली जर्सी पहनने का सपना देखा था।उन्होंने भावुक होते हुए कहा, एक लड़की जिसे महिला क्रिकेट के बारे में नहीं पता था, वो नीली जर्सी पहनने का सपना देखती थी। मेरा आत्मविश्वास था कि यह संभव हो सकता है, और ठीक वैसा ही हुआ।

### विश्व कप फाइनल की जीत जादू जैसी

विश्व कप जीत को हरमनप्रीत ने बचपन का सपना% बताते हुए कहा, निजी तौर पर यह मेरे लिए बेहद भावुक पल है। यह जादू जैसा है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि अचानक सब कुछ कैसे ठीक हो गया। हम विश्व चैंपियन हैं, और मैं बहुत सुकून महसूस कर रही हूँ।2017 वनडे विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड से 9 रन से मिली हार को याद करते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि उस दिल तोड़ देने वाले पल ने ही उन्हें भविष्य में जीतने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, उपविजेता होने के बाद भी देश में जिस तरह का हमारा स्वागत हुआ, उसने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया। हरमनप्रीत की कप्तानी में टीम इंडिया ने 2005 और 2017 की हार के बाद, 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर इतिहास रचा। उन्होंने जीत का श्रेय देश के दर्शकों के आशीर्वाद और प्रार्थनाओं को दिया।